Sanchi University of Buddhist-Indic Studies
साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय
Established by Ministry of Culture Govt. of Madhya Pradesh
Recognised by UGC under section 2(F) & 12(B)

# साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

## कार्य परिषद की 11वीं बैठक

## दिनांक 13.09.2022

## कार्यवाही विवरण

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 13.09.2022 को कुलाधिपति महोदय एवं कुलपति महोदया की संयुक्त अध्यक्षता में मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल में अपराह्न 01:30 बजे आहूत हुई। बैठक में निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहेः-

1. श्री सेमडांग रिनपोचे, कुलाधिपति, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय|
2. डॉ नीरजा ए गुप्ता, कुलपति, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय|
3. प्रो. वैद्यनाथ लाभ, कुलपति नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय, नालंदा|
4. श्री उमेश उपाध्याय, प्रेसीडेंट रिलायंस (मीडिया) मुंबई|
5. श्री कपिल तिवारी, भोपाल|
6. श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, म.प्र.शासन|
7. डॉ डी.पी.सिंह, ओ.एस.डी, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन|
8. प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, कुलसचिव, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय|

कार्य परिषद के सदस्य सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा एजेण्डा बिंदुओं को समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय पारित किये गये :-

**एजेण्डा क्र. 01 कार्य परिषद की 10वीं बैठक दिनांक 18.04.2022 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

**निर्णय** समिति सदस्यों द्वारा कार्य परिषद की 10वीं बैठक दिनांक 18.04.2022 के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

**एजेण्डा क्र. 02 कार्य परिषद की 10वीं बैठक दिनांक 18.04.2022 के निर्णय का पालन प्रतिवेदन।**

**निर्णय** समिति सदस्यों द्वारा पालन प्रतिवेदन अनुमोदित किया गया।

**एजेण्डा क्र. 03 शैक्षणिक संवर्ग हेतु CAS (Career Advance Scheme) प्रक्रिया अंतर्गत की की गई कार्यवाही के संबंध में।**

**निर्णय** समिति सदस्यों के समक्ष शैक्षणिक संवर्ग हेतु CAS (Career Advance Scheme) एवं सिलेक्शन ग्रेड प्रक्रिया अंतर्गत समिति के गोपनीय अनुशंसाओं एवं अनुमोदन को प्रस्तुत किया गया। सदस्यों द्वारा कार्यवाही का निम्नानुसारअनुमोदन किया गया :-

**List Associate Professor (Associate Professor Level 13A to Professor Level 14)**

| S.No | Name of Faculty | Present Designation | Subject |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Naveen Kumar Mehta | Associate Professor | अंग्रेजी |

**List Assistant Professor (Junior Grade to Selection Grade)**

| S.No | Name of Faculty | Present Designation | Subject |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Devendra Singh | Assistant Profressor | संस्कृत वैदिक अध्ययन |
| 2 | Dr. Rahul Siddharth | Assistant Profressor | हिन्दी |
| 3 | Dr. Ramesh Rohit | Assistant Profressor | बौद्ध अध्ययन (थेरवाद) |
| 4 | Dr. Prabhaker Pandey | Assistant Profressor | वैकल्पिक शिक्षा |
| 5 | Dr. Navin Dixit | Assistant Profressor | भारतीय दर्शन |
| 6 | Dr. Santosh Priyadarshi | Assistant Profressor | बौद्ध अध्ययन (महायान) |
| 7 | Dr. Prachi Agarwal | Assistant Profressor | चीनी भाषा |
| 8 | Dr. Upendrababu Khatri | Assistant Profressor | योग |
| 9 | Dr. Sham GanpathTikhe | Assistant Profressor | योग एवं ध्यान |
| 10 | Dr. Vishwabandhu | Assistant Profressor | संस्कृत |

डॉ.अमित ताम्रकार एवं डॉ.सुष्मिता नंदी की परिवीक्षा अवधि समाप्त मान्य करते हुए CAS प्रक्रिया में सम्मिलित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**एजेण्डा क्र. 04 विद्या परिषद् के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन**

**निर्णय** समिति सदस्यों द्वारा विद्या परिषद् की 13वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

**एजेण्डा क्र. 05 पुनर्विलोकन समिति का प्रगति प्रतिवेदन के संबंध में।**

**निर्णय** समिति सदस्यों द्वारा पुनर्विलोकन समिति को समयावधि में वृद्धि किये जाने की स्वीकृतिप्रदान की गई।

Chaturvedi

**एजेण्डा क्र. 06 विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक संवर्ग के आरक्षण रोस्टर के संबंध में।**

**निर्णय** कार्यपरिषद द्वारा विचारोपरांत बताया गया कि 2012 में विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृति प्राप्त पदों की संख्या, विभागों की संरचना, एवं आरक्षण का निर्धारण विश्विद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों पर आधारित संरचना के अनुसार नहीं किया गया है. प्रस्तुत रोस्टर का निर्माण पहले से प्राप्त स्वीकृति के आधार पर किया गया है अतः वर्तमान में इसे स्वीकृत करते हुए भविष्य में पद एवं रोस्टर का UGC के मानकों को ध्यान में रख कर पुनः संधारण किया जायेगा. क्यूंकि विश्वविद्यालय को UGC की मान्यता 2021 में ही प्राप्त हुई है, जबकि पदों की विभाग आधारित नहीं अपितु स्कूल अनुसार स्वीकृति 2012 में दी गयी थी अतः वर्तमान में रोस्टर में पद एवं आरक्षण की विसंगति दिखाई देती है. अतः वर्तमान रोस्टर को अंतरिम व्यवस्था के रूप में स्वीकृत किया जाता है, साथ ही वर्तमान में विज्ञापित पदों को अंतरिम रोस्टर के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गयी.

आवश्यकतानुसार विभिन्न चरणों में विभागों का गठन किया जायेगा तथा पदों को आवश्यकतानुसार विज्ञापित किया जायेगा. इसी के आधार पर रोस्टर का पुनः संधारण भी किया जायेगा. वर्तमान में विज्ञापित पदों को भविष्य में मध्य प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार पुनः लिखित कर के विसंगति को दूर किया जायेगा.

समिति सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के गैर-शैक्षणिक पद की संरचना में भविष्य में पदोनन्ति का अवसर उपलब्ध नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय के गैर-शैक्षणिक पद संरचना में भी आवश्यक प्रशासनिक सुधार किये जाने का सुझाव दिया गया।

**एजेण्डा क्र. 07 शैक्षणिक संवर्ग पूर्ति हेतु विज्ञापित पदों की सूचना एवं विज्ञापित शैक्षणिक पदों पर चयन संबंध में।**

**निर्णय** साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों की पदपूर्ति हेतु कुल 63 पदों पर विशेष विभाग होने के कारण चयन प्रक्रिया एवं/अथवा साक्षात्कार में न्यूनतम अभ्यर्थी के उपस्थित होने पर भी साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**एजेण्डा क्र. 08 विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर Branding के संबंध में।**

**निर्णय** विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर Branding हेतु बाह्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। भारत तथा विदेश में संस्थाओं के साथ MOU करने एवं पाठ्यक्रम स्वीकृत करने का अनुमोदन किया गया. Branding पर आने वाले खर्च वार्षिक आय,CSR तथा sponsorship द्वारा व्यय किया जायेगा.

**एजेण्डा क्र. 09 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु पर विचार।**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत कार्यों की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए कार्य परिषद के सदस्यों को ICT गैजेट Non-returnable Basic की स्वीकृति प्रदाय की गई।

कार्य परिषद की अध्यक्षा डॉ. नीरजा ए गुप्ता, कुलपति, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

Chaturvedi
19.09.2022
**प्रोफे. अलकेश चतुर्वेदी**
सदस्य सचिव, कार्य परिषद
एवंकुलसचिव
साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय